आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–07 मई 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- भारतीय सशस्त्र बलों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत जम्मू कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों पर किया हमला, नौ स्थानों को बनाया गया निशाना।
- देश के दो सौ चौवालिस जिलों सहित आज पूरे प्रदेश में होगी नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल, अलग अलग जिलों में स्थानीय जिला प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी।
- प्रदेश सरकार की कैबिनेट बैठक में राज्य के वन ट्रिलियन डॉलर के लक्ष्य को पाने के लिए तैयार ग्लोबल केपेबिलिटी सेंटर्स जेसीसी नीति सहित लोकहित के अलग अलग ग्यारह प्रस्तावों को मिली मंजूरी ।
- राज्य में कई स्थानों पर बारह मई तक बारिश के आसार, पूर्वी उत्तर प्रदेश में नौ और दस मई को शुष्क रहेगा मौसम।

**********

भारतीय सशस्त्र बलों ने मध्य रात्रि में ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों पर हमला किया। यह जानकारी देश के रक्षा मंत्रालय के सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स के माध्यम से साझा की गई। मंत्रालय के अनुसार भारत ने उन आतंकवादी ढांचों को नुकसान पहुंचाया है, जहां से भारत के खिलाफ पहलगाम आतंकी हमले की योजना बनाई गई थी। पाकिस्तान के किसी भी सैन्य और नागरिक ठिकाने को क्षति नहीं पहुंचाई गई है। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि कुल मिला कर नौ स्थानों को निशाना बनाया गया है। हमले की कार्रवाई केंद्रित और प्रकृति में गैर उग्र रही है। भारत ने लक्ष्यों के चयन और उनके निष्पादन के तरीके में काफी संयम दिखाया है। रक्षा मंत्रालय द्वारा बताया गया कि ये कदम पहलगाम में हुए बर्बर आतंकवादी हमले के मद्देनजर उठाए गए हैं जिनमें पचीस भारतीयों और एक नेपाली नागरिक की हत्या कर दी गई थी। समाचार कक्ष से मैं वेद प्रकाश पाठक।**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित देश भर के कई नेताओं ने ऑपरेशन सिंदूर का स्वागत किया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर "भारत माता की जय" लिखा है। वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स के जरिये इस ऑपरेशन से संबंधित पोस्टर साझा करते हुए भारतीय सेना का मनोबल बढ़ाया है।

**********

पहलगाम आतंकी हमले के बाद हुई उच्चस्तरीय बैठकों की श्रृंखला में कल नई दिल्ली में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उनके आवास पर भेंट की। वहीं, केन्द्रीय गृह सचिव गोविन्द मोहन ने आज हो रही नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल की तैयारियों की समीक्षा करने के लिए राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कल वीडियो कांफ्रेंस के जरिये बैठक की। गृह मंत्रालय ने देश के दो सौ चौवालिस वर्गीकृत नागरिक सुरक्षा जिलों में नागरिक सुरक्षा अभ्यास और पूर्वाभ्यास आयोजित करने का निर्णय लिया है। इस मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य हवाई हमले की चेतावनी प्रणाली को परखना है। प्रदेश में भी सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। एक रिपोर्ट....

**प्रदेश में जिला बुलंदशहर को ए श्रेणी, बागपत और मुजफ्फरनगर को सी श्रेणी में ड्रिल का प्रदर्शन करना है। आगरा, इलाहाबाद, बरेली, गाजियाबाद, गोरखपुर, झांसी, कानपुर, लखनऊ, मथुरा, मेरठ, मुरादाबाद, सहारनपुर, वाराणसी, बख्शी का तालाब, मुगलसराय और सरसावा को बी श्रेणी की सूची में शामिल किया गया है। प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने कहा कि केंद्र ने मॉक ड्रिल के लिए 19 जिलों की पहचान की है, लेकिन उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में व्यापक मॉक ड्रिल की जाएगी।**

**सिविल डिफेंस के मॉक ड्रिल के संबंध में निर्देश भारत सरकार से प्राप्त हुए हैं, वहां से 19 जिले आइडेंटिफाइड हैं। यहां की संवेदनशीलता को मद्देनजर रखते हुए शासन द्वारा यह निर्देश दिए गए हैं कि सभी जिलों और जितने भी हमारे वर्टिकल्स हैं, जैसे सिविल एडमिनिस्ट्रेशन है, पुलिस एडमिनिस्ट्रेशन है, फायर सर्विसेज हैं, डिजास्टर रिस्पोंस फोर्स है। सभी के साथ मिलके ये मॉक ड्रिल और प्रीपेयर्डनेश रखा जाए। इस अभ्यास में पुलिस, अग्निशमन सेवाएं और आपदा प्रतिक्रिया दल जैसी कई एजेंसियां शामिल होंगी। ओम अवस्थी आकाशवाणी समाचार लखनऊ।**

प्रदेश के अलग अलग जिलों में जिला स्तर पर मॉक ड्रिल का समय और स्थान तय किया गया है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि गृह मंत्रालय ने जो निर्देश जारी किया है उनका पालन उत्तर प्रदेश भी करेगा। इसके लिए सरकार तैयार है।

**हिन्दुस्तान एक ऐसा देश है कि किसी भी मुद्दे पर मतभेद हो सकता है। देश की एकता, अखंडता के मुद्दे पर कोई मतभेद नहीं है। देश की सुरक्षा के मुद्दे पर कोई मतभेद नहीं है और देश का हर नागरिक एक सैनिक की भांति देश के दुश्मन से निपटने के लिए**

**तैयार रहता है और जो भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने निर्देश जारी किया है उसके क्रम में जो तैयारियां हैं वो देश भी कर रहा है। उत्तर प्रदेश भी करेगा और पूरा देश पूरी तरह से तैयार है।**

गृह मंत्रालय के आज देशभर में मॉक ड्रिल करने के निर्देश के बाद कल सिविल डिफेंस, पुलिस और स्थानीय प्रशासन ने लखनऊ की पुलिस लाइन में मॉक ड्रिल का अभ्यास भी किया। प्रदेश के अलग अलग जिलों में मॉक ड्रिल से संबंधित परामर्श भी जिला प्रशासन द्वारा जारी किये गये हैं।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कल लखनऊ के लोकभवन में हुई कैबिनेट की बैठक में ग्यारह प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। सरकार ने ग्लोबल केपेबिलिटी सेंटर्स जीसीसी–नीति को मंजूरी प्रदान कर दी है। इस नीति का उद्देश्य प्रदेश को भारत का अगला वैश्विक सेवा केंद्र बनाना है और राज्य को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य तक पहुंचाना है। बैठक में परिवहन विभाग से जुड़ा प्रस्ताव भी पास हुआ है। इस प्रस्ताव में निजी बसों के लिए बस अड्डे बनाने को मंजूरी दी गयी।

कैबिनेट की बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि बैठक में वर्ष दो हजार पचीस छब्बीस के लिए नई ट्रांसफर नीति के प्रस्ताव को पारित कर दिया गया है। प्रदेश में पंद्रह मई से पंद्रह जून तक ट्रांसफर पॉलिसी लागू रहेगी।

**ट्रांसफर पॉलिसी इस वर्ष 2025–26 की मंत्रिपरिषद ने अनुमोदित कर दी जिसमें सामान्य रूप से वही सारे प्रोविजंस हैं जो पिछली बार दिए गये। इसमें खास तौर से एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट और एस्पिरेशनल ब्लास्ट में किसी भी प्रकार से वहां पर कोई खाली न रहे उसकी व्यवस्था जरूर करनी है और एक महीने तक ट्रांसफर पॉलिसी एप्लीकेबल रहेगी। पंद्रह मई से प्रारंभ होकर पंद्रह जून तक।**

कैबिनेट बैठक में ऊर्जा के क्षेत्र में भी एक अहम परियोजना को मंजूरी मिल गई है। सरकार ने एक हजार छह सौ मेगावॉट क्षमता की तापीय परियोजना से कुल एक हजार पांच सौ मेगावॉट ऊर्जा बिड प्रॉसेस के माध्यम से पचीस वर्षों तक खरीदने का निर्णय लिया है।

**ऊर्जा की मांग को पूरा करने के लिए प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हमने कुछ पावर जो है बिडिंग प्रोसेस से खरीदने की दिशा में भी हमने सोचा था कि कुछ पावर हम मार्केट से बिडिंग करके हम खरीदेंगे तो उस कड़ी में एक हजार छह सौ मेगावाट का पावर प्लांट हमारी ये भी शर्त थी कि ये पावर प्लांट उत्तर प्रदेश में लगेगा तब हम बिजली खरीदेंगे।**

**********

भारत के विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर होने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बधाई दी है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की मासिक 'वर्ल्ड इकोनॉमी आउटलुक' की रिपोर्ट के अनुसार देश की अर्थव्यवस्था ने यह उपलब्धि हासिल की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी विजन और यशस्वी नेतृत्व में प्राप्त यह उपलब्धि एक सौ चालीस करोड़ देशवासियों के परिश्रम, संकल्प और सामर्थ्य का गौरवगान है।

**********

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधु ने कल निर्वाचन सदन में बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती के नेतृत्व में बहुजन समाज पार्टी के साथ बातचीत की। भारत निर्वाचन आयोग ने विभिन्न हितधारकों के साथ अधिक से अधिक और नियमित सहभागिता को बढ़ावा देने पर जोर देने के क्रम में राष्ट्रीय और राज्यीय राजनीतिक दलों के साथ बातचीत शुरू की है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आंधी–बारिश और ओलावृष्टि से प्रभावित जनपदों के अधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण कर सर्वे करें और राहत कार्य पर नजर रखें। आकाशीय बिजली, आंधी तूफान, बारिश जैसी आपदा से जनहानि और पशुहानि होने की स्थिति में तत्काल प्रभावितों को राहत राशि का वितरण करें घायलों का समुचित उपचार कराया जाए।

उधर, मौसम विभाग ने प्रदेश में आगामी बारह मई तक गरज चमक के साथ बारिश का अनुमान जताया है। इस दौरान तेज हवाएं चलने और बिजली गिरने की आशंका है। विभाग के अनुसार इस अवधि में नौ और दस मई को पूर्वी उत्तर प्रदेश में मौसम शुष्क रहेगा।

**********